मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–अप्रैल, 1996 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 27 फरवरी, 1996 (फाल्गुन 8, 1917)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

श्री मंगल पराग, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा का निधन उल्लेख

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित भोपाल का 33 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1994-95 पटल पर रखेंगे.

4. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री लोकेन्द्र सिंह, सदस्य, पन्ना नगर में एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किये जाने की ओर उप मुख्यमंत्री (राजस्व) का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री सोनेराम कुशवाहा, रामलखन सिंह पटेल, सदस्य, प्रदेश के भिण्ड एवं दतिया जिलों की पुलिस द्वारा ग्रामीणजनों को अकारण थानों में बंद किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, सदस्य, राजधानी भोपाल के तुलसी नगर स्थित झूलाघर की बाउन्ड्री वाल बनाये जाने ;

(2) श्री कैलाश चावला, सदस्य, मंदसौर जिले की मूंदड़ी जलाशय योजना को पूर्ण कराने तथा प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाये जाने ;

(3) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के –

(क) ग्राम बरौआ में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने ;
(ख) ग्राम दबरा में शासकीय ट्यूबवेल लगाये जाने ;
(ग) ग्राम मटियावली बुजुर्ग में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने ;
(घ) ग्राम विजपुर में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने ;
(ङ.) ग्राम सिद्धपुर (दबोह) में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने ;
(च) ग्राम बीसनपुरा में शासकीय ट्यूबवेल लगाये जाने ;
(छ) ग्राम टिमावली की निर्मित उद्वहन सिंचाई योजना पुनः प्रारंभ कराये जाने ;
(ज) ग्राम अचलपुरा में हाईस्कूल खोले जाने ;
(झ) ग्राम रहावली में हाईस्कूल खोले जाने ;
(ञ) ग्राम मिहोना स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में एक्सरे मशीन की व्यवस्था कराये जाने ;
(ट) लहार नगर में होम्योपैथिक चिकित्सा केन्द्र खोले जाने ; तथा
(ठ) लहार नगर में आयुर्वेदिक औषधालय खोले जाने,

(4) श्री बच्चन नायक, सदस्य, जबलपुर जिले के –

(क) रीठी विकास खण्ड के ग्रामों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराये जाने ;
(ख) निवार नदी पर पुल बनाये जाने ;
(ग) पोड़ी-पड़रिया सिंचाई योजना को पूर्ण कराये जाने ; तथा
(घ) श्री बांध डायवर्सन की मरम्मत कराये जाने, एवं

(5) डॉ. सियाराम साहू, सदस्य, राजनांदगांव जिले के रजपुरा डायवर्सन की नाली की सफाई कराये जाने,

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

6. वर्ष 1996-97 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा

अशोक चतुर्वेदी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 26 फरवरी, 1996